उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-5

संख्या:120/2025/1483जे0/22-5-2025-1200(09)/2017

लखनऊ : दिनांक 26 नवम्बर, 2025

वारण्ट

उप महानिरीक्षक(मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या-42270/सामा-1(3)/305/बरेली परि0/मानसिक बंदी/25, दिनांक 14-11-2025 द्वारा केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरुद्ध सिद्धदोष बंदीगण 1- रूपलाल पुत्र श्री लक्ष्मण प्रसाद, 2- विनोद पुत्र श्री राजकुमार, 3- मुस्तकीम पुत्र श्री छुन्नू, 4- भगवानदास पुत्र श्री गनेश प्रसाद, 5- धर्मपाल पुत्र श्री छोटेलाल, 6- अक्षयलाल उर्फ अच्छेलाल विश्वकर्मा पुत्र श्री कामता प्रसाद विश्वकर्मा, 7- सलीम पुत्र श्री स्व0 शकूर, 8- राजीव पुत्र श्री कनौजीलाल, 9- नाजिम मियां पुत्र श्री तसब्बर अली, 10- नदीम पुत्र श्री जाविर, 11- गौरव पुत्र श्री किरण पाल एवं 12- मुन्ना पुत्र श्री मुश्ताक को मुख्य चिकित्साधिकारी, बरेली द्वारा मानसिक रोग से ग्रस्त पाये जाने एवं उनकी संस्तुति के क्रम में उक्त बंदीगण को उपचार हेतु मानसिक चिकित्सालय, वाराणसी भेजे जाने हेतु अनुमति मांगी गयी है।

2- अतएव उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-479 एवं प्रिजनर्स एक्ट-1900 की धारा-30(1) के अन्तर्गत आदेशित किया जाता है कि उक्त बंदीगण को मानसिक रोग के उपचारार्थ मानसिक चिकित्सालय, वाराणसी स्थानान्तरित कर दिया जाये तथा स्वस्थ होने के उपरान्त दण्ड की शेष अवधि भोगने हेतु उसे केन्द्रीय कारागार, बरेली वापस भेज दिया जाये।

सूर्य प्रकाश मिश्र

संयुक्त सचिव।

संख्या- 120/2025/1483जे0(1)/22-5-2025-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाऐं, उ0प्र0 लखनऊ को उक्त पत्र दिनांक 14-11-2025 के संदर्भ में मूल संलग्नकों सहित। **(संलग्नक यथोक्त)**

2. जिलाधिकारी, बरेली।

3. पुलिस अधीक्षक, बरेली।

4. वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।

5. प्रमुख अधीक्षक, मानसिक चिकित्सालय, वाराणसी।

6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय कुमार त्रिपाठी)

अनु सचिव।

अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2-इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है। है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

http://shasanadesh.up.gov.in

अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2-इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है। है ।